>

Title: Need for constrution of over bridge in Sidhauli town in Dhaurhara Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh and action to be taken against companies for setting up two tolls on NH24 between Lucknow at Sitapur Flyover. .

श्रीमती रेखा अरुण वर्मा (धौरहरा): सभापति महोदय, आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय उठाने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद । एनएच 24 लखनऊ से सीतापुर के बीच में लगभग 20 वर्षों से कंपनी द्वारा 2 जगहों पर टोल वसूला जा रहा है । परन्तु पिछले 20 वर्षों में अभी तक कंपनी द्वारा सिधौली कस्बे में, जहां बहुत ज्यादा गैदरिंग होती है, उस सिधौली कस्बे में अभी तक ओवर ब्रिज नहीं बनाया गया है और न ही कंपनी द्वारा सिधौली कस्बे को जाने के लिए कोई अन्य व्यवस्था की गई है । इस कारण यात्रियों को लखनऊ से सीतापुर आने-जाने में अधिक समय लगता है । इस कारण यात्रियों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है । एक तो उनका समय ज्यादा लगता है और उन्हें धन की भी हानि हो रही है ।

एनएचएआई के नियमानुसार एक टोल से दूसरे टोल की दूरी कम से कम 60 किलोमीटर होनी चाहिए । एनएच 24 पर लखनऊ से सीतापुर के बीच में 50 किलोमीटर की दूरी में दो टोल बना दिए गए हैं । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूं, क्योंकि यह नियमानुसार भी गलत है । इस समस्या का समाधान किया जाए, धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON : There is a long list of Members who want to speak. So, I would request the hon. Members to put forth their points of view or demands within one minute each.